## कुलबेहरा के तट पर काली रात मेले का समापन



### ब्रम्हचारी नागेन्द्र महाराज ने सुनाई भक्तों को कथा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विशाल भंडारे के साथ काली रात मेले का समापन हुआ कुलबेहरा नदी के पावन तट पर लगने वाले काली रात मेले का एवं संत सम्मेलन का आज विशाल भंडारे के साथ रामायण हुआ। इस वर्ष भी श्री काली रात धाम में हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों ने आकर मां भवानी, श्री विट्ठल रूकमाई भगवान एवं अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना कर माथा टेका एवं संतों की अमृतवाणी सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले में दूर-दूर से आए व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठान लाकर अपनी दुकानें सजाई एवं अच्छा व्यवसाय किया। बच्चों ने भी मनोरंजन के साधनों का भरपूर आनंद लिया। समिति के सदस्यों के द्वारा दो दिन पहले से भंडारे हेतु व्यवस्था बनाना चालू कर दिया गया था और आज चाक चौक व्यवस्था के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। करीब 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। पुलिस प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा की दृष्टि से बहुत अच्छी व्यवस्था बनाई गई। एवं निरंतर मेले में रात दिन गस्त करते रहे आज के इस शुभ अवसर पर परम पूज्य संत नागेंद्र ब्रह्मचारी महाराज का सभी को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। आज इस कार्यक्रम में समिति के सभी पदाधिकारी ने अपना अमूल समय देकर इस मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

छाया- शेख अल्फाज

## मंदिर के सामने वाइन शॉप का विरोध, दिया ज्ञापन

**शुभम नांदेकर**

**पाण्ढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा के पेवठा वार्ड में हनुमान मंदिर के ठीक सामने एंबी वाइन शॉप खोलने की योजना का खुलासा होते ही वार्डवासियों में गहरा आक्रोश फैल गया है। मुख्य मार्ग पर स्थित इस स्थान को नगरवासियों की धार्मिक आस्था और श्रद्धा का केंद्र माना जाता है। यहां प्रतिदिन हनुमान चालीसा और सुंदरकांड जैसे धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। वाइन शॉप खोलने की खबर ने स्थानीय निवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

### वार्डवासियों ने किया विरोध


बुधवार को वार्डवासियों ने कलेक्टर अजयदेव शर्मा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें वाइन शॉप के स्थान को बदलने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में वार्डवासी राजेन्द्र भांगे, धर्मेंद्र बनाइत, प्रमोद घाटोडे, शाहिद अली, सुरेश बनाइत, दशरथ बनाइत, सतीश खोड़े, बलीराम बनाइत, किसना कामडे, चेतन कामडे, राजू बारमासे, संजय भद्रे, हरीश बारमासे, अशोक निकाजु, रोशनी घाटोडे, गीता खुरसंगे, मीणा बारमासे, कल्पना कलमधाड़, कांता बारमासे और अन्य लोग शामिल थे। ज्ञापन में वार्डवासियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे वाइन शॉप के सामने धरना देंगे और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### धार्मिक और सामाजिक आस्था पर प्रभाव

हनुमान मंदिर में नियमित रूप से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि वाइन शॉप खुलने से यहां लोफर युवा एवं शराबियों का जमावड़ा लग सकता है, जिससे धार्मिक माहौल दूषित होगा। इसके अलावा मंदिर के पास स्थित गुरुदेव सेवा केंद्र और अन्य वार्ड जैसे भगतसिंह वार्ड, शिवाजी वार्ड और खारी वार्ड भी प्रभावित होंगे जहां घनी आबादी निवास करती है।

### प्रशासन के सामने बड़ा सवाल

वार्डवासियों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए जिला प्रशासन से मांग की है



कि वाइन शॉप का स्थान बदलकर किसी अन्य उपयुक्त जगह पर खोला जाए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की भावनाओं का सम्मान करेगा या व्यवसायिक हितों को प्राथमिकता देगा।

### आंदोलन की चेतावनी

वार्डवासियों ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन उनकी मांगों को नजर अंदाज करता है, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय धार्मिक संगठन भी इस मामले में सक्रिय हो गए हैं और प्रशासन की कार्रवाई पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

### शहरवासियों और धार्मिक संगठनों की प्रतिक्रिया

शहर के विभिन्न हिस्सों से भी इस विरोध को समर्थन मिल रहा है। धार्मिक संगठनों ने कहा है कि मंदिर के सामने वाइन शॉप खोलना न केवल धार्मिक भावनाओं का अपमान है, बल्कि सामाजिक शांति और सद्भाव के लिए भी खतरा है। इस मुद्दे पर पूरे शहर की निगाहें प्रशासन के फैसले पर टिकी हुई हैं।

**सार समाचार**

### कोल इंडिया पेंशनर की बैठक आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा छिन्दवाड़ा की बैठक 23 नवम्बर 2024 दिन शनिवार को समय दोपहर 12 बजे से न्यूटन चिखली के वार्ड क्रमांक 13 के मंगल भवन में आयोजित की गयी है। उपशाखा न्यूटन चिखली के प्रभारी अध्यक्ष जे.एल. ठाकुर ने बताया कि छिन्दवाड़ा से आये पदाधिकारी बैठक को संबोधित करेंगे जिसमें अभी तक की कार्यवाही के बारे बताया जायेगा। अत: न्यूटन चिखली के समस्त पेंशनर्स से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया हैं।

### मध्यान्ह भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ 25 को सौंपेगा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रांतीय महिला स्व. सहायता समूह महासंघ (म.प्र.) (मध्यान्ह भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ) की जिला अध्यक्ष श्रीमति नाजिमा सिद्धीकी ने बताया संघ द्वारा अपनी विभिन्न मॉगो म.प्र. शासन द्वारा एम.डी.एम. की राशि 60 प्रतिशत एवं खाद्यान्न 40 प्रतिशत प्रदान किया जाता है एवं रसोईयों को हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही है, उन्होनें बताया कि ऐसी स्थिति में जिले के हजारों की संख्या में रसोईया बेरोजगार होने की स्थिति में है, इस संबंध में संघ द्वारा पूर्व में भी शासन को ज्ञापन दिया गया परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई, साथ ही शसन द्वारा समूहों को राशन दुकानों को सौंपने के आदेश हुये हैं जिसे लेकर समूह संचालकों में आक्रोष व्याप्त है। अत: रसोईयों को हटाये नहीं जाने एवं समूहों से मध्यान्ह भोजन छीनकर राशन दुकानों को सौंपने के विरोध में संघ द्वारा दिनांक 25 नवंबर 2024 दिन सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम दोपहर 2 बजे ज्ञापन सौंपा जायेगा। उन्होनें जिले के समस्त समूह संचालक और मध्यान्ह भोजन में कार्यरत रसोईयों से अपील की है इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें ।

### अमरवाड़ा में स्कूलों के कार्यों और परीक्षा परिणाम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग विकासखण्ड अमरवाड़ा की समीक्षा बैठक शुक्रवार को पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. बघेल के मार्गदर्शन अनुसार की गई। इस बैठक में डी.पी. डेहरिया सहायक संचालक, अविनाश दीक्षित सहायक संचालक, राजेश कपाले आई टी सेल प्रभारी एवं विकासखंड के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

अमरवाड़ा के चार संकुल केंद्रों के 24 हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल के कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें टास पोर्टल, अपार आईडी, समेकित छात्रवृत्ति, परीक्षा परिणाम में सुधार, निदानात्मक कक्षाओं का संचालन, बोर्ड परीक्षा परिणाम में अभिवृद्धि एवं सी एम हेल्पलाइन बिंदुओं पर चर्चा की गई।

सहायक संचालक श्री डेहरिया ने बोर्ड परिणाम में विगत 5 वर्षों के प्रश्न पत्र हल करने एवं जिला स्तर पर बनाई गई पॉकेट डायरी से वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की तैयारी का सुझाव दिया एवं तीन दिवस के अंदर अपार आई डी एवं टास पोर्टल पर छात्रवृत्ति का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

### लैब जांच के बहाने वसूली करने का लगाया आरोप

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सी एम एच ओ कार्यालय के अधिकृत कर्मचारियों द्वारा लैबों की जांच की जा रही है ताकि आम जनता को लैब के संचालक लूट न सके। लेकन कुछ लैब के कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि सी एम एच ओ कार्यालय के वर्तमान में प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा लैब की जांच की जा रही है मनमानी मुंह मांगी चढ़ोत्तरी नहीं मिलने के कारण प्रकरण बनाए जा रहे है और जहां से पूर्ति हो जाती है उन्हें छोड़ दिया जाता है का आरोप है।

## नंदलाल सूद उत्कृष्ट स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज-और कल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जुन्नारदेव विधानसभा के निवासियों को उच्च स्तरीय नि:शुल्क उपचार की सुविधा के लिए विधायक सुनील उईके के विशेष आग्रह पर भोपाल के चिरायु मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल के द्वारा 23 एवं 24 नवंबर को प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ शिविर स्थानीय शासकीय नंदलाल सूद उत्कृष्ठ विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को आसानी मिल सके इसलिए बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। बीती रात से ही चिरायु मेडिकल कालेज का प्रबंधन एवं स्टाफ के दलों का जुन्नारदेव पहुँचना प्रारम्भ हो गया है। गुरुवार की रात को ही ट्रकों के माध्यम से जाँच उपकरण एवं दवाइयां भी जुन्नारदेव पहुंच चुकी है जिन्हें शुक्रवार को देर रात्रि तक व्यवस्थित कर सारी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर दिया गया है। शिविर में सेवा देने वाले विशेषज्ञ चिकित्सक भी शुक्रवार को ही जुन्नारदेव पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। शिविर में मरीजों की जाँच एवं उपचार के लिए कई अलग अलग ओ.पी.डी. बनाई गई है। शिविर में आने वाले मरीजों को पंजीयन के बाद संबंधित ओ.पी.डी. तक पहुंचाने एवं मार्गदर्शन के लिए बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष वालिंटियर तैनात किए जा रहे है। जुन्नारदेव विधानसभा में अपनी तरह का पहला स्वास्थ्य शिविर लगने के कारण यहाँ पर हजारों की संख्या में लोगों के पहुँचने का अनुमान है, इसलिए शासकीय नंदलाल सूद उत्कृष्ठ विधालय से सटे नेहरू स्टेडियम को पार्किंग के लिए आरक्षित किया है।

शिविर में जाँच के बाद जिन मरीजों को चिरायु मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल रेफर किया जाएगा उनके लिए अलग कक्ष की व्यवस्था की गई है। चिरायु प्रबंधन एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि शिविर में सहयोग प्रदान करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का लाभ दिलाए।

## भाजपा में मजाक बन गए दीपक सक्सेना : ओक्टे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस में थे तो मान था, सम्मान था और प्रतिष्ठा भी थी। कमलनाथ की विशेष कृपा व कांग्रेस की टिकट से दो बार मंत्री व चार बार के विधायक रहे दीपक सक्सेना के साथ भाजपा में जो कुछ घटित हो रहा है वह उनकी मान व प्रतिष्ठा को ठेंस पहुंचाने वाला है। देश के गृहमंत्री की रैली में तिरस्कृत करना और फिर एक निजी कार्यक्रम में मंच पर भी नहीं बुलाना और अब होर्डिंग में पूर्ण केन्द्रीय मंत्री लिखकर भैया का जिस तरह मजाक बनाया जा रहा है मैं उसकी घोर निंदा करता हूं और यह अपेक्षा करता हूं कि भाजपा दीपक सक्सेना को पूर्ण सम्मान व मान मिले, क्योंकि कांग्रेस में उनके साथ ऐसी घटनाएं कभी घटित नहीं हुई। उक्त उदगार आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने शहर के जेल तिराहा के समीप लगी होर्डिंग को लेकर व्यक्त किए हैं।

कांग्रेस और कमलनाथ के आशीर्वाद से दीपक सक्सेना को पद व प्रतिष्ठा सबकुछ मिला, किन्तु आज उन्हें ऐसा पद दिया गया जिसके मायने जनता व स्वयं राजनीति से जुड़े लोग भी नहीं समझ पा रहे हैं। आखिर भाजपा के द्वारा उनके साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है यह भी सोचनीय विषय है इस पर सम्पूर्ण भाजपा के साथ दीपक सक्सेना को भी गहन मंथन करना चाहिए कि आखिर उनके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है जबकि वे बेहद शिष्टाचारी व्यक्तित्व के धनी है यह बात तो सभी जानते हैं फिर अशिष्ट बर्ताव उनके साथ नहीं किया जाना चाहिए। अनेकों अनेक अभिलाषाओं को पूर्ण करने की चाहत व भाजपा के द्वारा पद दिए जाने के झांसे में फंसकर कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नए नवेले भाजपाई ने अपनी टूटती हुई लालसा को पूर्ण करने के लिये अब पोस्टर का सहारा लेकर जनता में भ्रम फैलाना प्रारंभ कर दिया है। अपने पूरे राजनैतिक जीवनकाल में जिन्हें कभी सांसद की टिकट भी नहीं मिली वे भाजपा में जाते ही स्वयंभू पूर्ण केन्द्रीय मंत्री बन गए हैं। ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के




माध्यम से दीपक सक्सेना का पद होर्डिंग में पूर्ण केन्द्रीय मंत्री लिखे जाने पर व्यक्त किए हैं।

श्री ओक्टे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले पदों की रेवड़ी बांटी थी तब इस रेवड़ी का स्वाद चखने के लिए हाथ उठाकर दीपक सक्सेना भी कतार में खड़े थे, नम्बर तो उनका आया किन्तु तब तक पद बट चुके थे इन्हें केवल निराशा ही हाथ लगी।

सम्पूर्ण प्रयासों के बाद भी जब स्थानीय भाजपा नेता भैया को पद नहीं दिला पाए तो उन्होंने स्थानीय स्तर पर कुछ कोशिश की और कुछ संघर्ष भैया ने भी किए। सभी के सामूहिक प्रयासों का नतीजा निकलकर यह आया कि अब दीपक सक्सेना को होर्डिंग में ही पद दिया जाएगा, वह भी ऐसा पद होगा जो पूर्व की किसी भी सरकार में नहीं रहा और आगे भी कभी नहीं रहेगा। इस शीर्ष पद पर केवल और केवल दीपक सक्सेना ही रहेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा ने दीपक सक्सेना के मान व सम्मान को बनाए रखने के लिये उन्हें पूर्ण केन्द्रीय मंत्री का पद दिया है या फिर उन्होंने स्वयं इस पद के लिये दावेदारी की है जिसके बाद उन्हें पूर्ण केन्द्रीय मंत्री बनाया गया है। हालांकि जनता जनार्दन यह बात भली भांति जानती है कि भाजपाइयों की फित्तरत में भ्रम फैलाना व जनता को भ्रमित करना शामिल है और जो नए लोग उनसे जुड़ते हैं उन्हें भी भाजपा सबसे पहला पाठ झूठ बोलने, भ्रम फैलाने का ही पढ़ाती है, उम्मीद यह की जा रही है कि दीपक सक्सेना जी भी यह पाठ पढ़ चुके हैं।

देश व प्रदेश व जिले के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आशीर्वाद से दीपक सक्सेना को 1990 से लगातार टिकट मिली और वे अब तक अपने राजनीतिक जीवन में म.प्र. शासन में मंत्री व विधायक रहे। कांग्रेस में होते तो भविष्य में और भी कुछ बनने की उम्मीद की जा सकती थी किन्तु अब वे उम्मीदें भी टूट कर कांच की तरह बिखर गई है।

## मप्र सहकारी महासंघ के निर्विरोध जिला अध्यक्ष बने गोविंद ओक्टे




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. सहकारी महासंघ भोपाल जिला इकाई छिन्दवाड़ा के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधियों का निर्वाचन हुआ इसमें जिला अध्यक्ष गोविंद ओकटे, प्रशांत लाड़े, प्रदेश प्रतिनिधि 1173 सहकारी कर्मचारी ने सभी कर्मचारी ने पुन: एक बार सहमति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिला कार्याकारणी की घोषणा की गई इस कार्यक्रम में 9 ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा की गई

गोविन्द ओकटे, प्राशांत लाड़े ने कर्मचारी ने सभी कर्मचारी को संबोधित किया। निर्वाचन अधिकारी वंशी ठाकुर, बांदे गोविन्द ओकटे, प्राशांत लाडे, साहिल खान, ममता दीदी सहकारी कर्मचारी सचिव दिनेश, सह सचिव, कोषाध्यक्ष हरई से गजेनद रवारे, नकुल यदुवंशी, चौरई से ममता, अमरवाड़ा से दिलीप घोरसे, तुकाराम, श्यामू। अध्यक्ष गोविंद डॉक्टर प्रदेश प्रतिनिधि प्रशांत लड़े ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## आयुक्त से मिला दिव्यांग एकता कल्याण मंच का प्रतिनिधि मंडल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के दिव्यांग जनों की समस्याओं के निराकरण करने के लिए दिव्यांग एकता एवं कल्याण मंच के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में आयुक्त संदीप रजक, सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग मध्य प्रदेश से मुलाकात की। इस दौरान दिव्यांगजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मंच ने 15 सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन आयुक्त निशक्तजन के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को प्रेषित किया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से दिव्यांग पेंशन में वृद्धि एवं दिव्यांग अधिकार अधिनियम को धरातल पर कड़ाई से लागू करने पर जोर देते हुए विभिन्न भागों का समावेश करते हुए मुख्यमंत्री से तुरंत निराकरण कराये जाने का अनुरोध किया गया है। संगठन द्वारा मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि आगामी 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सम्मानजनक दिव्यांग पेंशन बढ़ाई जाने का आदेश जारी किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष सोनी, महिला प्रदेशाध्यक्ष चंदा चौहान, प्रदेश सचिव अरविंद कुमार बाथव, प्रदेश उपाध्यक्ष मदन चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय डेहरिया, खंडवा जिलाध्यक्ष संतोष निकम, मंगल धुर्वे, दुर्गा प्रसाद, भोपाल जिलाध्यक्ष राहुल कुमार नेमा, अनोखी लाल कास्डे, राजगढ़ जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण डांगी, राहुल दवे, शुभम बाथव और नान्तो बेलबंसी सहित अनेक दिव्यांगजन उपस्थित थे।

# निर्माण कार्यों में लाएं तेजी : कलेक्टर

## कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम सत्र में सड़क संबंधी विभागों में लोक निर्माण विभाग, एम.पी. रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन, एन.एच.ए.आई., पी.एम.जी.एस.वाय. आदि के अधिकारियों के साथ प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई तो वहीं दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों में पी.आई.यू., हाउसिंग बोर्ड, म.प्र. भवन विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, ट्राइबल विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने प्रत्येक निर्माणाधीन कार्य के लिए आगामी 15 दिवस में अपेक्षित प्रगति का अगला स्तर भी निर्धारित किया जिसके अनुसार आगामी बैठक में प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होंनें सभी विभागों को निर्देश दिये कि वे अपने संसाधन जैसे मशीनरी और मानव संसाधन की संख्या पर्याप्त रखें ताकि कार्य समय सीमा में पूरा हो सके।

पहले सत्र में सड़क निर्माण से संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें लोक निर्माण विभाग, एम.पी. रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन, एन.एच.ए.आई. और पी.एम.जी.एस.वाई के अधिकारियों ने भाग लिया।



कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ठेकेदारों की लापरवाही के कारण आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कें विकास और सुविधा का मुख्य आधार हैं और इनकी गुणवत्तापूर्ण समय पर पूर्ति आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि लापरवाह ठेकेदारों को टर्मिनेट किया जाए और निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जाए।

### पातालकोट मार्ग के निर्माण पर जोर

कलेक्टर श्री सिंह ने छिंदी से पातालकोट मार्ग के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पातालकोट एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और सड़क खराब होने के कारण पर्यटन को नुकसान हो रहा है।

### द्वितीय सत्र भवन निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए समय पर पूर्ण करने निर्देश

दूसरे सत्र में भवन निर्माण से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें पी.आई.यू., हाउसिंग बोर्ड, म.प्र. भवन विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और ट्राइबल विभाग शामिल थे। कलेक्टर श्री सिंह ने भवन विकास निगम को निर्माणाधीन सी एम राइज स्कूल के कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, छात्रावासों, प्राथमिक, सामुदायिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की सांसद विवेक साहू ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की और उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की सांसद उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भी मुलाकात करने उनके निवास स्थान पर पहुंचे सांसद ने उपमुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान प्रदेश में चल रही योजनाओं की जानकारी ली।

## परिक्षेत्र अधिकारी छिंदी सामान्य का तबादला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रशांत शर्मा परिक्षेत्र अधिकारी छिंदी पूर्व वन मण्डल सामान्य छिन्दवाड़ा को मध्यप्रदेश शासन वन विभाग मंत्रालय द्वारा आदेश जारी करते हुए परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम बटकाखापा सामान्य पूर्व वन मण्डल छिन्दवाड़ा किया गया है। इस प्रकार वन मंत्रालय द्वारा 17 वन परिक्षेत्र अधिकारियों का इधर से उधर तबादला किया जाकर पदस्थ किया गया है।

## सार समाचार

### पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उईके ने आकाशवाणी में किया एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत दिवस छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके आकाशवाणी छिन्दवाड़ा में उपस्थित थीं। उनके द्वारा एक पेड़ माँ के नाम योजना के अंतर्गत पौधारोपण किया गया एवं अपने जीवन के अनुभवों एवं अपने विभिन्न राजनीतिक कार्यानुभवों को साक्षात्कार के माध्यम से जनता से साझा किया गया।

इस अवसर पर आकाशवाणी छिन्दवाड़ा के सहायक निदेशक अभियांत्रिकी अमोल देशपांडे द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रमुख अल्पना अर्जुनवार तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित थे। पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके द्वारा आकाशवाणी छिन्दवाड़ा में किए गए कार्यो की सराहना की गई।

### जिले के लोक निर्माण कार्यपालन मंत्री को सिवनी भेजा, एसडीओ को वैकल्पिक प्रभार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह के एक दिवसीय प्रवास के बाद जिले के लोकनिर्माण कार्यपालन यंत्री आसिफ मंडल को सिवनी संभागीय कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। वहीं अब एस.डी.ओ. आकाश खरे के पास वैकल्पिक प्रभार रहेगा।

बुधवार की रात को प्रदेश के लोकनिर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार छिंदवाड़ा पहुंचे।



उन्होंने बुधवार को भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेने के बाद सर्किट हाउस में विश्राम किया। गुरुवार को प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विभागीय कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की।

दो दिन पहले ही आए थे मंत्री राकेश सिंह मंत्री राकेश सिंह के छिंदवाड़ा से रवाना होने के ठीक दूसरे दिन शुक्रवार को लोकनिर्माण विभाग द्वारा कार्यपालन यंत्री आसिफ मंडल को छिंदवाड़ा से हटाकर सिवनी के संभागीय कार्यालय में अटैच किया है। वहीं अब कार्यपालन यंत्री का प्रभार एस.डी.ओ. आकाश खरे के पास रहेगा। राज्य शासन ने प्रशासनिक दृष्टि से लोक निर्माण विभाग के सुचारु कार्य संचालन हेत आसिफ मण्डल, कार्यपालन यंत्री, लो0नि0वि0 संभाग छिन्दवाड़ा को कार्यालय अधीक्षण यंत्री, लो0नि0वि0 मण्डल सिवनी में सहा0 यंत्री के पद पदस्थ करते हुए उक्त पद पर नियमित पदस्थापना होने तक, आकाश खरे, अनुविभागीय अधिकारी, लो0नि0वि0ए उप संभाग क्र0 2 छिन्दवाड़ा को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ कार्य0 यंत्री, लो0नि0वि0 संभाग छिन्दवाड़ा का अतिरिक्त प्रभार सौंप गया है।

# जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक ली जिला ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक जिले के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के शीघ्र समाधान और कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा के लिए आयोजित की गई।

बैठक में नगरपालिक निगम आयुक्त सी.पी. राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, पूर्व सैनिक और उनके परिवारजन समेत कई संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं कलेक्टर श्री सिंह के समक्ष रखी। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



# आजाद पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप भाऊ ने पुलिस अधीक्षक का किया स्वागत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पांडे से आजाद समाज पार्टी छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष प्रदीप भाऊ जुलमे ने मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर छिंदवाड़ा जिले में पदस्थ होने पर किया स्वागत। हाल ही में पूर्व पुलिस अधीक्षक खत्री का स्थानांतर होते ही छिंदवाड़ा जिले का पुलिस अधीक्षक का पद भर अजय पांडे को सौंपा गया उसी को देखते हुए आजाद समाज पार्टी छिंदवाड़ा की पूरी टीम ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जिले के क्राइम पर अंकुश लगाने एवं जनता को सहयोग करने पर चर्चा की गई। इस वक्त उन्हें पुष्प गुच्छ देकर पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर गोंडवाना स्टूडेंट् यूनियन के पूर्व अध्यक्ष मिथुन धुर्वे एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी अमित रोड़े और सामाजिक कार्यकर्ता राजेश उइके उपस्थित रहे तथा पुलिस अधीक्षक ने उन्हें क्राईम कंट्रोल करने का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# शासकीय पेंचवेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एकल लोकनृत्य, समूह लोकनृत्य की छात्राओं द्वारा प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालयीन प्राचार्य डॉ. एन.पी. त्रिवेदी द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में समूह लोकनृत्य के अंतर्गत ॠषिका एवं ग्रुप, नेहा वाडिवा एवं ग्रुप तथा एकल लोकनृत्य के अंतर्गत पूनम कुशवाहा, उजमा खान, नेहा वाडिवा ने अपनी शानदार लोकनृत्य की प्रस्तुती दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ.निलेश मेश्राम, भगवंतराव कराड़े, प्रभाती आम्रवंशी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा की संयोजक डॉ. ज्योति ब्रम्हे, कार्यक्रम संयोजक डॉ. संगीता धराडे, सह-संयोजक डॉ. पवन नाग एवं सदस्य के रूप में भावना पवार, अनिल डकिया, डॉ. नर्बदा लाजवंशी, ज्योति पटेल की उपस्थिति में संचालित हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन वरिष्ठ प्राध्यापक / स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।




# 63वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 997 मरीजों का उपचार, दी दवा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 63 वां स्वास्थ्य शिविर पांढुरना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सावरगांव में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1019 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 997 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 22 गंभीर मरीजो को रेफर किया गया।

## 64वां स्वास्थ्य शिविर उमरहर में आज

छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावरगांव में आज 23 नवंबर को 64 वा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। छिंदवाड़ा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष संत कुमार यदुवंशी ने क्षेत्र के नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।

## प्रभारी मंत्री के प्रवास के बाद जिले में अधिकारियों में परिवर्तन की संभावना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के एक दिवसीय प्रवास और समीक्षा बैठक के उपरांत कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद अनेक जिले के अधिकारियों को बदलें जाने के संकेत मिले है जिसमें प्रथम श्रेणी अधिकारी से लेकर कार्यपालिक तृतीय श्रेणी अधिकारी शामिल होंगे।

# छात्राओं को वितरित किए सेनेटरी पैड्स

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे के नेतृत्व व निर्देशन में केन्द्रीय जीएसटी एंव केंद्रीय उत्पाद शुल्क कार्यालय जबलपुर द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा अभियान- 4.0 के अन्तर्गत 21 नवम्बर 2024 को केंद्रीय जीएसटी एंव केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रभाग छिन्दवाड़ा द्वारा इरसला जबलपुर के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय, कामठी, जिला छिन्दवाड़ा व शासकीय उत्कृष्ट विधालय, मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा में नवमीं से बारहवीं तक अध्ययन कर रही छात्राओं को सेनेटरी पैडस वितरित किये गए।



इस अवसर पर सहायक आयुक्त चैतन्य वानखड़े ने दोनों विद्यालयों की छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें घर, परिवार व अन्य परिसर की स्वच्छता में बेटियों की भूमिका का महत्व समझाते हुए छात्रों को वैयक्तिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता पर जोर दिया । उक्त कार्यक्रम में माधवी वानखड़े, विभाग की ओर से अधीक्षक अरविन्द भारद्वाज, सरिता उईके तथा दोनों विद्यालयों के शिक्षकगण व कर्मचारी सम्मिलित रहें विद्यार्थियों ने जीएसटी टीम को थैक्यू कहा और स्वच्छता की शपथ लिए।